रायगढ़ा-थेरूबाली के बीच आवागमन शुरू

जगदलपुर,(आरएनएस)। रायगढ़ा रेल सेक्शन के ब्रिज क्रमांक 588 सिंगपुर और थिरूवाली रेल स्टेशन के मध्य डाउन लाइन के बहने से रेल यातायात बाधित रहा। तीन दिन की कड़ी मशक्कत के बाद इस लाइन को एक बार फिर से शुरू करने में रेलवे के अमले ने सफलता हासिल की है। बताया गया कि पानी के बहाव के चलते डाउन लाइन ब्रिज पूरी तरह उखड़ गया था और अपलाइन भी प्रभावित हुआ था। घटना के दूसरे दिन ही इको रेलवे के महाप्रबंधक उमेश सिंह व विशाखापटनम् रेल मण्डल के डीआरएम मुकुल शरण माथुर ने तत्काल स्पेशल ट्रेन के जरिए मौका मुआयना किया था। 156 मीटर के ऑयरन ब्रिज के बहने से इस मार्ग पर चलने वाली करीब डेढ़ दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया था। ढाई सौ मजदूरों और तकनीकि टीम के एक्सपर्ट व इंजीनियरों सहित प्रिसिंपल चीफ इंजीनियर व ब्रीज चीफ इंजीनियरों की मौजूदगी में इस ब्रीज पर काम जारी है। बताया गया कि रेल मार्ग को बहाल करने के लिए इको महाप्रबंधक उमेश सिंह मौके पर ही डटे रहे। अपलाइन पर क्षतिग्रस्त ब्रिज को बुधवार की दोपहर दुरूस्त किया गया। यहां पर इंजन को महाप्रबंधक की मौजूदगी में चलाकर देखा गया, इसके बाद वे रवाना हुए। अधिकारिक आदेश के अनुसार इस ब्रिज पर कॉशन आर्डर के तहत ट्रेनों का परिचालन दस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से निर्धारित किया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस मार्ग पर चलने वाली डेढ़ दर्जन ट्रनों में भारी और कुछ एक एक्सप्रेस ट्रेनों को फिलहाल इस ब्रिज से गुजरने की अनुमति नहीं दिया जा सकता है। इस मार्ग को बहाल करना इस लिए आवश्यक था क्योंकि कई ट्रेनों को कैंसल किया जा रहा था। अब आधा दर्जन ट्रेनों के परिचालन की अनुमति दी गई है साथ ही कुछ ट्रेनें रूट बदलर चलेंगी।

न्यायसाक्षी
समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर,तमनार,घरघोड़ा धरमजयगढ़,पत्थलगां व लुड़ेग,कांसाबेल, कुनकुरी,जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है तत्काल संपर्क करें
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

सीएम प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ने की जरूरत नहीं, राज्य में कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत : पीएल पुनिया

शाह ही बता दें 25 सीट कौन जीतेगा ...

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह द्वारा पूर्व में दिए गए एक बयान की प्रदेश के 90 विधानसभा सीटों पर 65 में भाजपा की जीत तय है, का उल्लेख किए जाने पर श्री पुनिया ने बताया कि चुनाव में एक-एक वोट कीमती होता है। ऐसे में प्रदेश के सभी 90 सीटों में से 65 सीटों पर जीत का दावा करना उचित नहीं है। श्री शाह अब यह भी बता दें कि 65 सीटों पर यदि भाजपा जीत जाएगी तो शेष 25 सीटों पर कौन जीतेगा। उन्होंने कहा कि हार या जीत जनता तय करती है। ऐसे में जनादेश के पूर्व या चुनाव के पहले ही यह दावा करना सही नहीं है।

मौजूदा टीम है काफी सशक्त, इसी टीम के साथ लड़ा जाएगा विस चुनाव

रायपुर,(आरएनएस)। राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनेगी। पिछले चुनाव का परिणाम देखा जाए तो पराजय का अंतर केवल 0.7 प्रतिशत था। यह कोई बड़ा अंतर नहीं है। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट है। मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है। उक्त बातें कांग्रेस भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए प्रभारी पीएल पुनिया ने कही। श्री पुनिया ने कहा कि वे इसके पूर्व भी एआईसीसी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ आ चुके हैं। लेकिन इस बार उन्हें नई जिम्मेदारी के साथ प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए अरूण उरांव प्रभारी सचिव और कमलेश पटेल हैं। श्री पुनिया ने कहा कि यहां पीसीसी का प्रदर्शन काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में पराजय का अंतर काफी कम केवल 0.7 प्रतिशत था, यह कोई बड़ा अंतर नहीं है। इससे समझा जा सकता है कि प्रदेश में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है, हम सब मिलकर इसे और मजबूत बनाएंगे और कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। पंजाब की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में सीएम चेहरा प्रोजेक्ट करते हुए चुनाव लड़ने के सवाल पर श्री पुनिया ने कहा कि हमें सीएम चेहरा प्रोजेक्ट करने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस एकता के साथ और पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी और जीतेगी भी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उन्हें नहीं लगता कि सीएम चेहरा प्रोजेक्ट करते हुए चुनाव लड़ना चाहिए। पूर्व प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद की प्रशंसा करते हुए श्री पुनिया ने कहा कि श्री हरिप्रसाद ने प्रदेश में अच्छा काम किया है।

जो कांग्रेस छोड़कर गए उनकी बात ही नहीं .....

श्री पुनिया ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी से मित्रता और उनके कांग्रेस वापसी के लिए दिल्ली में दिए गए बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनके बयान को गलत ढंग से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस के प्रति सच्ची निष्ठा और लगन से काम करता है, पार्टी उसके साथ सदैव रहती है। लेकिन जो पार्टी छोड़कर चले गए हैं, उन्हें वापस लाने या बुलाने का सवाल नहीं उठता। उन्होंने कहा कि मौजूदा टीम काफी बेहतर है और इसी टीम के साथ कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरेगी।

CAREER SCHOOL
Topper Students

Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

प्रदेश के सभी जिलों में जनभागीदारी से बनेंगे ऑक्सीजोनः डॉ. रमन सिंह

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य के सभी जिलों में पर्यावरण की स्वच्छता, शुद्धता और सुरक्षा के लिए जनभागीदारी से ऑक्सीजोन विकसित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने आज दोपहर नया रायपुर के ग्राम थनौद में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण महा अभियान का शुभारंभ करते हुए वन महोत्सव में यह घोषणा की। प्रदेश के नागरिक अगर अपने पास उपलब्ध भूमि में से तीन से पांच एकड़ तक जमीन पर ऑक्सीजोन बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए वन विभाग में अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इसी तरह अगर कोई नागरिक स्वयं की दस एकड़ जमीन में से एक एकड़ में वृक्षारोपण करना चाहे, तो इसके लिए भी सरकार उसे पौधे उपलब्ध कराएगी। उन्होंने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी लोगों से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने समारोह में कहा- उन्होंने कहा कि जब तक पृथ्वी पर वृक्ष हैं, तब तक जीवन है। प्रकृति ने पेड़-पौधों को मानव जीवन के हिसाब से बनाया है। पेड़ लगाने वालों को लोग पीढ़ियों तक याद रखते हैं। उन्होंने कहा-वृक्षों से हमें जीवन रक्षक शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है, छाया मिलती है और तरह-तरह के पौष्टिक फल भी मिलते हैं। इसलिए जो वृक्षों की रक्षा करता है, वृक्ष उसकी रक्षा करता है। डॉ. सिंह ने कहा- आज पूरी दुनिया में पर्यावरण को लेकर चिन्ता व्यक्त की जा रही है। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर और वनों की रक्षा करके हम पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में लगभग 42 प्रतिशत जंगल हैं। राज्य को और भी अधिक हरा-भरा बनाने की जरूरत है। डॉ. सिंह ने इसके लिए हरियर छत्तीसगढ़ वृक्षारोपण महा अभियान में सभी लोगों से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि आज थनौद में आयोजित वृक्षारोपण समारोह में काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं सहित आम जनता ने भी उत्साह के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा- प्रदेश भर में आज 8.02 करोड़ पौधे लगाने का जो अभियान शुरू हुआ है, वह वन महोत्सव के रूप में अगले माह अगस्त में भी जारी रहेगा। सबके सहयोग से पौधे लगाए जाएंगे। कौन से जिले में कितने पौधे लगाए गए हैं, उसकी जानकारी वेबसाईट पर भी प्रदर्शित की जाएगी। डॉ. सिंह ने सभी लोगों से लगाए गए पौधों की बेहतर देखभाल करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि नया रायपुर लगभग 32 प्रतिशत हरित क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि चालू मानसून के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की घोषणा के अनुरूप राज्य में हरियर छत्तीसगढ़ वृक्षारोपण महाभियान के तहत आठ करोड़ 02 लाख पौधे लगाने का कार्यक्रम आज से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने नया रायपुर स्थित ग्राम थनौद में छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों और आम नागरिकों के साथ इस अभियान का शुभारंभ किया। महोत्सव में दस हेक्टेयर के रकबे में विभिन्न प्रजातियों के सात हजार पौधे रोपे जाएंगे। इनमें आम के 2500, आंवला के 1000, मुनगा के 1000, कटहल के 500, बहेड़ा के 500, बेल के 400, सीताफल के 100, कहुवा के 100, नीम के 200, महुआ के 500, जामुन के 100, अमरूद के 100 पौधे शामिल हैं।

दीवाल फांद कर घर में घुसकर, युवक ने की महिला से छेड़खानी

न्यायसाक्षी@रायगढ़। 20 वर्षीय महिला ने कल चक्रधरनगर थाना में मायके ग्राम सेन्द्रीपाली खरसिया के युवक उमाशंकर पटेल द्वारा घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । महिला का ससुराल ग्राम रेगड़ा तथा मायका ग्राम सेन्द्रीपाली है, 16जुलाई को महिला का पति ससुराल गया हुआ था घर में महिला अपने परिवारवालों के साथ अकेली थी कि रात्रि करीब 10 बजे ग्राम सेन्द्रीपाली का उमाशंकर पटेल इसके घर की दीवाल फांदकर महिला के कमरे में घुस आया और महिला से छेड़खानी करने लगाए महिला द्वारा विरोध कर शोर मचाने पर उसका दादा ससुर और देवर आ गये जिन्हें देख उमाशंकर धक्का मुक्का कर वहां से भाग गया। उमाशंकर पटेल उस पर पहले से बुरी निगाह रखता था। रिपोर्ट पर धारा 354,456 भादंवि दर्ज कर लिया गया है।

खेत में धान लगाने गयी बालिका लापता

न्यायसाक्षी@रायगढ़। ग्राम हीरापुर की 16 वर्षीय बालिका 9जुलाई की दोपहर घर से कहीं चली गयी जिसकी रिपोर्ट बालिका के पिता द्वारा आज थाना लैलूंगा में दर्ज करायी गयी। बालिका 8 वीं तक की पढाई करने के बाद घरेलू काम करती थी । कुछ दिनों से गांव की अपनी सहेली के साथ धान लगाने जाती थी 9जुलाई को भी वह धान लगाने जाउंगी कहकर घर से निकली और वापस घर नहीं आयी । बालिका के पिता ने गांव तथा अपने रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की पता नहीं चला आज बालिका के पिता ने उसके लापता होने की रिपोर्ट थाना लैलूंगा में दर्ज करायी रिपोर्ट पर धारा 363 भादंवि दर्ज किया गया ।

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां
शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
आवश्यकता है

क्र.	स्थान	पद
1	रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक	45
2	सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक	35
3	जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक	40
4	कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक	25
5	जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक	50

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
V.t.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931